तारीख हुक्म	न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीविजयनगर पीठासीन अधिकारी : श्रीमती शकुन्तला, आर.ए.एस. प्र.सं. 08/2025 जीसीएमएस नं. 2025/17 रिछपाल बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 एलआरए हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो जो इस हुक्म की तामील में जारी किये गये

वल्द रामचन्द्र के नाम से दर्ज हुई है। ऐसे में यह तो स्पष्ट है कि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम अंकित करने में कोई भूल नहीं हुई है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज छायाप्रति वोटर लिस्ट, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में नाम रिछपाल अंकित है। सरपंच ग्राम पंचायत गंगूवाला जाटान, पंचायत समिति रायसिंहनगर द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार रिछपाल उर्फ रानियां पुत्र रामचन्द्र एक ही व्यक्ति होना अंकित किया गया है। प्रार्थी की ओर से शपथ पत्र भादरराम पुत्र रामचन्द्र, हंसराज पुत्र रामचन्द्र, पप्पूराम पुत्र रामचन्द्र के प्रस्तुत किये गये है जिनमें शपथकर्ताओं के द्वारा कथन किया गया है कि उनके भाई रानियां का सही नाम रिछपाल है।

प्रार्थी द्वारा मुख्य रूप से कथन किया गया है कि उनका सही नाम रिछपाल है, प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पहचान के दस्तावेजों, प्रमाण पत्र सरपंच ग्राम पंचायत गंगूवाला एवं अन्य वारिसान पप्पूराम आदि के शपथ पत्रों द्वारा भी इसकी पुष्टि की गयी है कि रानियां का सही नाम रिछपाल है। जिसकी दुरूस्ती प्रार्थी करवाना चाहता है। हांलाकि राजस्व रिकार्ड में नाम दर्ज करते समय किसी प्रकार की त्रुटि कारित नहीं हुई हैं लेकिन न्यायहित में पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी के नाम की दुरूस्ती की जानी न्यायालय की राय में उचित है।

लिहाजा उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार श्रीविजयनगर को आदेश दिया जाता है कि राजस्व रिकार्ड जमाबंदी चक 13 बीएलडी खाता सं. 56 में मु.नं. 32 व 22 की कुल 2.480है. अ.क. भूमि के काश्तकार के नाम रानियां के स्थान पर रानियां उर्फ रिछपाल को दुरूस्त कर दर्ज किया जावे। शेष अंकन यथावत रहेगा। निर्णय की प्रति तहसीलदार श्रीविजयनगर को पालनार्थ प्रेषित की जावे।

निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 14.05.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Shakuntala
Date: 2025.08.20 11:36:44 IST
Reason: SelfAttested

शकुन्तला
R.A.S.
उपखण्ड अधिकारी
श्रीविजयनगर

उपखण्ड अधिकारी
श्री विजयनगर

उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्री विजयनगर